# सांदीपनी विद्यालय के निर्माण में भारी अनियमितताएं

## टॉप मंजिल की छत फटी, रिपेयर कर की जा रही लीपापोती, सीलिंग में बगैर छपाई किये सीधे पुट्टी कर हुई पुताई

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 02 अप्रेल। मध्यप्रदेश सरकार नित नए प्रयोग कर शिक्षा के नवाचार करती आ रही है। कभी मॉडल स्कूल के नाम पर तो कभी ऐक्सीलेंस के नाम पर और अब सीएम राइज यानि सांदीपनी स्कूलों की स्थापना की गई जिसके लिये करोड़ो रूपये की लागत से जिला मुख्यालय सहित संपूर्ण तहसील मुख्यालयों तथा कस्बाई ईलाकों में अलग से भवन निर्माण कराये जा रहे है।**

इसी कड़ी में पन्ना जिला मुख्यालय में बाईपास मार्ग पर लगभग 44 करोड़ की लागत से सांदीपनि भवन का निर्माण किया जा रहा है जो निर्धारित समय सीमा से काफी अधिक समय बीत जाने के बावजूद पूर्ण रूप से बनकर तैयार नही हुआ। एक बार पूर्व में समय बढाया जा चुका है संभावना थी कि इस सत्र में भवन हैण्डओव्हर हो जायेगा, लेकिन नही हो सका और अभी भी लगभग 2 से 3 माह का समय लग सकता है इसलिये इस वर्ष भी नये भवन में कक्षाएं संचालित नही हो सकेंगी। वहीं भवन का घटिया एवं गुणवत्ताहीन होने से प्रशासन पर सवालिया निशान लग रहा है। इस निर्माण ऐजेंसी मध्यप्रदेश भवन विकास निगम संभाग सागर द्वारा कराया जा रहा है जिसका पन्ना में कोई कार्यालय स्थापित नही है छतरपुर एवं सागर से ही कभी कभार तकनीकि अधिकारी निरीक्षण की खानापूर्ति कर लेते है। सूत्रों से पता चला है कि उक्त भवन का टेंडर गोयल कंपनी इंदौर के नाम से हुआ था लेकिन इसे पेटी कान्ट्रेक्टर अंकित जैन सपना ट्रेडर्स को दिया गया है। भवन बनकर तैयार होने से पहले ही टॉप छत में दरारें आ गई है, जिसे रिपेयर कर लीपापोती की जा रही है।





सीलिंग की बगैर छपाई के मात्र पुट्टी के बाद सीधे पुताई करवा दी गई है साथ ही विद्यालय भवन की पीछे की सड़क अभी से चटक गई है इस तरह की कई कमियां निर्माण में दिखाई दे रही है लेकिन मॉनिटरिंग कर्ता ऐजेंसी एवं जिले का प्रशासन इस ओर कतई ध्यान नही दे रहा।

निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा न हो पाने के कारण अब तेजी दिखाने के नाम पर निर्माण कार्य जल्दबाजी में और कथित तौर पर मानकों की अनदेखी कर किया जा रहा है। जानकारों के अनुसार भवन के कई हिस्सों में निर्माण कार्य बेहद निम्न स्तर का है।

दीवारों और छतों पर जगह-जगह दरारें दिखाई दे रही हैं, जिन्हें छिपाने के लिए पुट्टी और पेंट का सहारा लिया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि भवन का कार्य अभी पूर्ण रूप से तैयार भी नहीं हुआ है, लेकिन कई स्थानों पर छत से पानी टपकने की समस्या सामने आ चुकी है। इस समस्या को स्थायी रूप से ठीक करने के बजाय कैमिकल फिक्सिंग जैसे अस्थायी उपाय किए जा रहे हैं, जो भविष्य में बड़ी परेशानी का कारण बन सकते हैं। निर्माण स्थल पर बनाई गई सीसी भी गुणवत्ता की पोल खोल रही है। स्कूल भवन के पीछे बनी सड़क कई जगहों से फट चुकी है, जिसे मरम्मत कर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं जल निकासी व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं है। जानकारी के अनुसार पाइपलाइन में कॉलर का उपयोग नहीं किया गया है, जो तकनीकी रूप से आवश्यक होता है। इससे भविष्य में जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। फर्श निर्माण में भी भारी अनियमितता देखने को मिल रही है।

### अधिकारियों की भूमिका पर जांच की मांग

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार फर्म को पूरी छूट मिली है और निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा यह महत्वपूर्ण शैक्षणिक भवन गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतर पा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीएम राइज स्कूल योजना के तहत बनाए जा रहे ये भवन आधुनिक सुविधाओं और उच्च गुणवत्ता के मानकों के साथ तैयार किए जाने हैं, ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। लेकिन पन्ना में बन रहा यह भवन यदि इसी तरह घटिया निर्माण का शिकार होता है, तो यह न केवल शासन की मंशा पर सवाल खड़ा करेगा, बल्कि यहां पढ़ने वाले हजारों छात्रों की सुरक्षा और भविष्य के लिए भी खतरा बन सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए। जब उपरोक्त मामलें में निर्माण ऐजेंसी से पेटी कान्ट्रेक्ट पर कार्य कर रही ऐजेंसी सपना ट्रेडर्स के संचालक अमित जैन से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मै अभी डॉक्टर के यहां चैकअप करा रहा हूं, अभी कुछ भी नही बता पाऊंगा।

### इनका कहना हैं

कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराये जा रहे हैं जहां तक छत में दरारों का सवाल है उसको ठीक किया जा रहा है। तीन वर्ष तक की निर्माण ऐजेंसी की जवाबदारी है। जहां तक सीलिंग में बिना छपाई के पुट्टी की पुताई का सवाल है तो ऐसा नही है। जब उनका ध्यान अन्य गडबड़ियों की ओर आकृष्ट कराया गया तो उन्होंने कहा कि मै अभी भोपाल में हूं कल बता पाउंगा।

**राजकपूर मिश्रा** प्रोजेक्ट मैनेजर

# होटल एवं रेस्टोरेंटों में गैस की किल्लत में कोयले की भट्टी बनी सहारा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 02 अप्रेल। देश के साथ साथ पन्ना नगर में भी इन दिनों गैस की किल्लत बनी हुई है। सबसे ज्यादा बुरा हाल होटल रेस्टोरेंट तथा मिठाई और नाश्ता की दुकानों का संचालन करने वाले हलवाईयों का है क्योंकि कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति पिछले दिनों से पूरी तरह ठप्प पड़ी हुई है। वर्षो से कबाड़ की धूल खा रही भट्टी को हलवाईयों ने मरम्मत करवाकर फिर से उपयोग में ला दिया है।**

दुकान के संचालकों ने बताया कि उनकी दुकान पर प्रतिदिन एक कमर्शियल गैस सिलेंडर की खपत होती थी जो करीब 1700 रूपये का पडता था और ईरान इजराइल के युद्ध के चलते इनकी आपूर्ति पिछले दिनों से बंद पडी हुई है और दुकानदारी प्रभावित न हो इसके लिये उन्होंने घर में रखी पुरानी लकड़ी एवं कोयले की भट्टी को ठीक करवाकर इस पर काम करना शुरू कर दिया है। दुकान पर काम करने वाले राजकुमार ने बताया कि दिन भर में 15 से 20 किलो कोयला भट्टी पर मिठाई एवं नाश्ता बनाने में लग जाता है, राजकुमार के अनुसार 4 दिनों से दुकान का पूरा काम गैस भट्टी की जगह कोयला भट्टी पर हो रहा है, शुरू में इसको जलाने में थोडा परेशानी होती थी लेकिन अब इसकी आदत पड़ गई है। वहीं दुकान पर नास्ता करने आने वाले युवा एवं बच्चे बड़े कौतुहल से इसको देखते है और इसके बारे में पूछतें है क्योंकि उन्होंने कभी चूल्हा नही देखा है और न इस पर बना खाना खाया है। दुकान पर समोसा लेने पहुंचे सारांश बड़े गौर से कोयला भट्टी को देख रहा था, उसने कहा कि उसने अपने पापा से सुना है कि उसकी दादी चूल्हे पर खाना बनाती थी। वहीं दूध लेने आये मंदिर के पुजारी ने बताया कि भट्टी पर बना हुआ खाना बड़ा स्वाद वाला होता है और नुकसान भी नही करता है। शहर के होटल, ढाबा और छोटे कारोबारी इस कालाबाजारी से सबसे ज्यादा प्रभावित है। उनका कहना है कि महंगे गैस सिलेंडर के चलते करोबार चलाना मुश्किल हो गया है वहीं आम परिवारों का कहना है कि हर महीने बढ़ते खर्च ने घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

स्थानीय लोगो ने प्रशासन से तत्काल छापेमारी कर दोषियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही सख्ती नही की गई तो हालात और बिगड़ सकते है। उधर, संबंधित विभाग के अधिकारी शिकायत मिलने पर जांच की बात कह रहे है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही सामनें नही आई है, जिससे लोगो में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



# हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

नवभारत न्यूज

**अमानगंज, 02 अप्रेल। नगर अमानगंज में आज दिन गुरुवार 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की पावन पुनीत अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा एवं झांकियां निकाली गई।**

शोभायात्रा का शुभारंभ बड़े हनुमान जी मंदिर नदी किनारे से शुभारंभ हुआ मंदिर में बड़े हनुमान जी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद आकर्षक झांकियां जिसमें राम लक्ष्मण एवं हनुमान जी की सुंदर झांकियां के साथ शोभायात्रा आरंभ हुई जो पुलिस थाना अमानगंज के पास से निकलती हुई राजेश हार्डवेयर के पास पहुंची जहां पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया इसके बाद नर्सरी के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा शोभा का यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और फ्लाहार शुद्ध पेयजल शरबत की व्यवस्था की गई इसके पश्चात नया बस स्टैंड अमानगंज में शोभायात्रा का स्वागत पवन चौबे एवं स्टाफ के द्वारा किया गया। शोभायात्रा नया बस स्टैंड से मटकी चौराहा होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से निकलती हुई पुराना बस स्टैंड गांधी चौक से सिमरिया चौराहा किशनगढ़ रोड होती हुई पुनः हनुमान जी मंदिर पहुंची वहां पर कार्यक्रम का समापन किया गया नगर में जय श्री राम के नारों से अमानगंज भक्ति में हो गया शोभायात्रा में बैंड बाजा डीजे एवं पटाखे की ध्वनि से नगर गूंज उठा पवन पुत्र हनुमान के भक्तों की कार्यक्रम में अपार भीड़ देखी गई।

# हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 02 अप्रेल। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में मारपीट एवं अवैध हथियार का प्रयोग कर दहशत फैलाने वाले मामलें में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।**

पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 04 मार्च को फरियादी केदारनाथ पटेल पिता स्व. श्रीराम पटेल, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम सुरदहा थाना गुनौर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि भूमि विवाद को लेकर आरोपी किर्तू पटेल, भास्कर पटेल, अवधेश पटेल एवं बिहारी पटेल से पूर्व से रंजिश चल रही थी। उक्त रंजिश के चलते आरोपियों द्वारा फरियादी के साथ मारपीट की गई। घटना के दौरान आरोपी किर्तू पटेल एवं अवधेश पटेल अपने हाथ में देशी कट्टा लिए हुए थे, जिसमें से किर्तू पटेल द्वारा हवाई फायर कर फरियादी को जान से मारने की धमकी दी गई।



उक्त रिपोर्ट पर थाना गुनौर में अपराध धारा 125, 296(बी), 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 02 अप्रेल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी बस स्टैंड गुनौर में बस से आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर बस से उतरते ही आरोपी किर्तू पटेल को पकड़ लिया गया। मौके पर उसका भाई अवधेश पटेल भी मिला, जिसे भी हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर ग्राम हार से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं एक खाली खोखा जप्त किया गया। अवैध हथियार मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उपरोक्त कार्यवाही उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा सहित गठित पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा की गई।

# नीलामी में शेष बची दुकानों का संचालन विभाग कर रहा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 02 अप्रेल। मध्य प्रदेश की नवीन आबकारी नीति इस बार सभी शराब दुकानों का निष्पादन 31 मार्च तक नहीं करवा पाई। इस कारण शेष बची शराब की दुकानों का संचालन का निर्णय स्वयं सरकार द्वारा किया जाएगा।**

पन्ना जिले की 39 शराब दुकानो में से 6 शराब दुकानों का निष्पादन पूर्ण नही हो पाया। लिहाजा शासन से प्राप्त निर्देशों के पालन में पन्ना जिले की शराब दुकान पवई, गुनौर, सलेहा, कृष्णगढ़, अजयगढ़ और मोहन्द्रा के संचालन का आदेश कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला निष्पादन समिति द्वारा किया गया। जहां आबकारी उपनिरीक्षको को दुकानों का प्रभारी बनाया गया। उनके अधीन आबकारी आरक्षकों और नगर सैनिकों को बतौर विक्रयकर्ता नियुक्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला निष्पादन समिति द्वारा शासकीय संचालन का निर्णय लिया गया है। शराब दुकान पवई, कृष्णगढ़ और मोहन्द्रा का प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय को बनाया गया है। शराब दुकान गुनौर और सलेहा के प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक हरीश पाण्डेय और शराब दुकान अजयगढ़ के प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक विक्रांत जैन को बनाया गया है। विक्रयकर्ता के रूप में आबकारी आरक्षक सोनू कोरकू, कुलदीप जाटव, नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, वीरेंद्र यादव, पंचम सिंह नायक, बृजेंद्र सिंह, प्रभु दयाल वर्मा, प्रेमलाल प्रजापति, रामरतन प्रजापति नियुक्त किया गया। अभी भी शेष शराब दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया प्रचलित है। कानों के निष्पादन तक दुकानों का संचालन शासकीय ही होगा।





# एसडीएम, तहसीलदार व सीएमओ ने लिया सड़कों व बस स्टैंड का जायजा

## 6 अप्रैल को हटेगा अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़, 02 अप्रेल। अजयगढ़ नगर में बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर हुए अतिक्रमण को हटाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार और सीएमओ शशि कपूर गड़पाले सहित संयुक्त रूप से गुरुवार को नगर की मुख्य सड़कों और बस स्टैंड का संयुक्त निरीक्षण किया।**

इस दौरान माधौगंज से तहसील चौराहा, जय स्तंभ से पुराना बस स्टैंड सहित निरीक्षण के दौरान सदर पटवारी दीपेंद्र तिवारी, नगर परिषद के बृजेन्द्र तिवारी, संजय जैन सहित राजस्व और नगर परिषद का पूरा अमला मौजूद रहा। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार एवं सीएमओ गड़पाले ने बताया कि बस स्टैंड और मुख्य सड़कों पर दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गया है। आम नागरिकों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट संकेत दिया है कि रविवार तक दुकानदार स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा 06 अप्रैल दिन सोमवार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अतिक्रमण वाले स्थानों का चिन्हांकन कर चूना से लाइन डाली जायेगी उसके बाद यदि दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया तो स्थानीय प्रशासन उक्त अतिक्रमण हटाया जायेगा और यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# गैर इरादतन हत्या का 6 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पहाडीखेरा, 02 अप्रेल। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले के समस्त थानों में फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बृजपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**

थाना बृजपुर के अपराध धारा 304, 201 भादवि (गैर इरादतन हत्या) के प्रकरण में करीब 06 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सुरेश गौड़, पिता चंद्रभान गौड़ उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम कोल्हूआ बरोंधा, जिला सतना को पुलिस द्वारा लगातार प्रयास एवं सटीक सूचना के आधार पर बरोंधा, जिला सतना से गिरफ्तार किया गया है।



उक्त आरोपी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, जिला पन्ना के प्रकरण क्रमांक एसटी 150/2020 में लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बरोंधा क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को विधिवत अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# संचार माध्यमों में प्रसारित न करें बालकों की पहचान : डीपीओ

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 02 अप्रेल। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह द्वारा जानकारी दी गई है।**

प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से विधि विवादित बालक एवं देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों की फोटो, वीडियो अथवा पहचान संबंधी जानकारी किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, संचार या अन्य किसी माध्यम से प्रसारित न की जाए।

किशोर न्याय अधिनियम 2015 संशोधित अधिनियम 2021 की धारा 74 के तहत ऐसा पाए जाने पर 6 माह की सजा या 2 लाख रूपए तक का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है। इस संबंध में केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण नई दिल्ली के माध्यम से भी अवगत कराया गया है कि बाल देखरेख संस्थान में निवासरत बालकों से संबंधित तस्वीरें, वीडियो या पहचान संबंधी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व अन्य संचार माध्यमों से साझा करने के मामले निरंतर सामने आ रहे हैं, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे बालकों की पहचान का कारण बन सकते हैं।

### छात्रों का खो खो पुरुष प्रतियोगिता में चयन

पन्ना, 02 अप्रेल। दिनांक 02 अप्रेल से आरम्भ स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विद्यापीठ विश्वविद्यालय नांदेड़ (महाराष्ट्र)द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय अंतर्विश्वविद्यालय खो खो पुरुष प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के दो छात्रो यशवंत अहिरवार, बी. कॉम तृतीय वर्ष एवं रवि सिंह मारावी बीएससी प्रथम वर्ष का चयन महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के खो खो पुरुष दल में किया गया है। महाविद्यालय की दोनों छात्र इससे पूर्व दिसंबर माह में इंदौर में आयोजित राज्य स्तर एवं अक्तूबर माह मे टीकमगढ़ मे आयोजित संभाग स्तर की खो खो प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुके है

# सुन्दरा में आग से फसल क्षति पर विधायक ने दिया मदद का भरोसा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 02 अप्रेल। देवेन्द्रनगर तहसील अंतर्गत ग्राम सुन्दरा में गत 31 मार्च को अचानक लगी भीषण आग से किसानों को हुई फसल क्षति पर गुनौर विधायक राजेश कुमार वर्मा ने हरसंभव मदद का भरोसा दिया है।**

आग की इस घटना में गांव के कई किसानों की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित किसानों में दयाराम साहू, रामप्यारी साहू, आशाराम साहू, दीपक साहू, रामकिशोर, राजकिशोर अहिरवार, राजललन एवं बेबी बाई प्रमुख रूप से शामिल हैं। विधायक द्वारा आज मौका स्थल एवं प्रभावित किसानों के खेत पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीव्र गति से आग फैलने के कारण किसानों को बचाव का पर्याप्त अवसर नहीं मिल सका। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण वे इसे नियंत्रित नहीं कर सके। घटना की सूचना मिलते ही गुनौर विधायक तत्काल मौके पर पहुंचे और प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

# कलेक्टर ने अजयगढ़ में स्कूल चलें हम अभियान का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 02 अप्रेल। कलेक्टर ऊषा परमार ने स्कूल चलें हम अभियान के तहत गुरूवार को अजयगढ़ विकासखंड क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण कर प्रवेश उत्सव एवं शाला में नामांकित बच्चों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों सहित निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण तथा मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता के बारे में भी पूछा।**

संस्था प्रमुख से शिक्षकगण व विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के साथ विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों तथा साइकिल वितरण की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक शाला सिन्हाई में विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान पाठ्येत्तर एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी लेकर मार्गदर्शन किया। उपस्थित कक्षावार विद्यार्थियों ने इस दौरान स्कूल की व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया तथा अपने रूचि के विषयों के बारे में भी उत्साहपूर्वक जानकारी दी। शासकीय प्राथमिक शाला बहादुरगंज में निरीक्षण के दौरान बच्चों ने जिला कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।





इस मौके पर बच्चों से अक्षर ज्ञान एवं पहाड़ा सहित अन्य विषयों के बारे में जानकारी लेकर प्रोत्साहित किया गया। जिला कलेक्टर ने बहादुरगंज शाला में बालिका शौचालय मरम्मत कार्य एवं पानी निकासी व्यवस्था का अवलोकन कर परिसर में स्थित पुराने जीर्णशीर्ण शासकीय भवन को डिस्मेंटल करने के लिए कहा। इसके अलावा पेयजल की उचित व्यवस्था सहित शाला परिसर में साफ-सफाई के विशेष निर्देश भी दिए गए।

### मझगांय एवं रूंझ बांध निर्माण स्थल देखा

कलेक्टर श्रीमती परमार ने निरीक्षण के दौरान ग्राम बालूपुर पहुंचकर मझगांय बांध स्थल का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन कर भविष्य में पेयजल स्कीम का लाभ प्राप्त करने वाले ग्रामीण परिवारों व कृषि सिंचाई से लाभांवित होने वाले ग्रामों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। निर्बाध रूप से कार्यों की पूर्णता तथा विस्थापित परिवारों को राशि भुगतान से संबंधित विषयों की जानकारी ली गई। इसी तरह रूंझ बांध स्थल पर निर्माण एजेंसी के अधिकारियों द्वारा पंप हाउस निर्माण तथा सिंचाई के लिए पानी उपलब्धता विषयक जानकारी दी गई। साथ ही यहां विद्युत लाइन केबल काटने की समस्या तथा कुछ अवरोधों के संबंध में भी अवगत कराया गया। इस पर कलेक्टर ने तत्परतापूर्वक समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार एवं जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी भी उपस्थित रहे।